Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need for restoration of train services affected due to Covid-19 Pandemic in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra.-laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा की जनता के समस्याओ की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि कोविड- 19 महामारी के बाद अनेक रेल सेवाऐ प्रारंभ कर दी गई है । मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यवाही करने का कष्ट करे ।

1. नागपुर मंडल मध्य रेल के अंतर्गत MST/QST पास का वितरण त्वरित पुर्नप्रारंभ किया जाए ।

2. सिंदी (रिल्वे), तुळजापूर, सेवाग्राम वर्धा, हिंगणघाट, पुलगांव, धामणगांव, चांदूर, वरुड, मोर्शी रेल स्थानकोपर कोविड-19 के पूर्व मेल / एक्सप्रेस गाड़ियों के जो ठहराव स्वीकृत थे उन्हें त्वरित बहाल किया जाए ।

3. 12159 / 12160 अमरावती-जवलपूर-अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस जिसे नागपुर रेल स्थानक तक टर्मीनेट किया गया है, उसे पुनश्च अमरावती तक प्रारंभ किया जाए ।

4. 12119/12120 अजनी-अमरावती-अजनी इंटरसिटी एक्सप्रेस सेवा कोविड के पश्चात रदद की गई है, उसे तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किया जाए । इन सभी विषयो पर मैने विस्तृत रूप से मंडल रेल कार्यालय नागपुर मध्य रेल को समय-समय पर अवगत कराया है, तथा प्रवासी संगठनों से अनेक आवेदन उपर्युक्त विषयो पर प्राप्त हुये है । अतः उपरोक्त मुद्दे पर विचार कर शीघ्र व्यवस्था करने का कष्ट करें ।